# ओ खाटू वाले तेरी मैं दीवानी हो गई भजन लिरिक्स

जबसे है लिया प्रभु नाम तेरा,
तेरा नाम ही मेरी,
अब ज़ुबानी हो गई,
ओ श्याम सलोने तेरी,
मैं दीवानी हो गई,
ओ खाटू वाले तेरी,
मैं दीवानी हो गई।bd।

---

कृष्ण कन्हैया रास रचैया,
माखन चोर कन्हैया,
जग के रखवाले तुम ही हो,
तुम ही जग के खिवैया,
झूठी नगरी रिश्ते झूठे,
सारी दुनिया से मैं बेगानी हो गई,
ओ श्याम सलोने तेरी,
मैं दीवानी हो गई,
ओ खाटु वाले तेरी,
मैं दीवानी हो गई।bd।

---

जोगन बन गई प्यार में तेरे,
पागल बोले दुनिया,
रोग प्रेम की लगी तुम्हारी,
तुम बिन दवा कोई ना,
पागल कहते दुनिया वाले,
तेरे प्यार में मेरी बदनामी हो गई,
ओ श्याम सलोने तेरी,
मैं दीवानी हो गई,
ओ खाटु वाले तेरी,
मैं दीवानी हो गई।bd।

---

हाथ जोड़ कर तुम्हे मनाऊं,
हर पल शीश झुकाऊं,
आँखों के बहते आंसू,
चरणों में भेंट चढ़ाऊँ,
'पिंटू' है करे गुणगान तेरा,
'नीता' की यही अब कहानी हो गई,
ओ श्याम सलोने तेरी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं दीवानी हो गई,
ओ खाटु वाले तेरी,
मैं दीवानी हो गई।bd।

---

जबसे है लिया प्रभु नाम तेरा,
तेरा नाम ही मेरी,
अब ज़ुबानी हो गई,
ओ श्याम सलोने तेरी,
मैं दीवानी हो गई,
ओ खाटू वाले तेरी,
मैं दीवानी हो गई।bd।

**Singer – Neeta Daas**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com